दिन– बुधवार

दिनांक– 25 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय बिहार दौरे पर किशनगंज पहुंचे। सीमा और आंतरिक सुरक्षा पर कर रहे हैं उच्च स्तरीय बैठक।

02 विधानमंडल में फिर उठा शराबबंदी कानून का मुद्दा। सरकार ने कहा – शराबबंदी जारी रहेगी। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।

03. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर चिंता जताई। कहा – सरकार जिम्मेदारी से बच रही है।

04. और, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू। इच्छुक अभ्यर्थी पंद्रह मार्च तक कर सकते हैं आवेदन।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय बिहार दौरे पर किशनगंज पहुंचे गये हैं। श्री शाह राज्य के सीमावर्ती जिलों– विशेषकर पूर्णिया, किशनगंज और अररिया में सुरक्षा उपायों, प्रशासनिक तैयारियों और विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री श्री शाह मेची सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सीमा और आंतरिक सुरक्षा को लेकर सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर रहे हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और एसएसबी, ईडी, आईबी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। इससे पहले, श्री शाह पूर्णिया हवाई अड्डे पहुंचें, जहां उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे का स्वागत किया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनके दौरे से बिहार के लोगों को लाभ मिलेगा।

–––बाइट–––

---

विधानसभा में आज प्रश्नोत्तर काल की कार्यवाही शांतिपूर्वक संपन्न हुई। सदस्यों ने आवास योजना के लाभार्थियों के चयन में गडबड़ी का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही शराबबंदी नीति को लेकर भी सदन में सवाल उठाये गए। भोजनावकाश के बाद पूर्व निर्धारित कार्य सूची के अनुरूप गैर सरकारी सदस्यों के गैर सरकारी संकल्पों पर चर्चा हुई।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच की जाएगी। श्री कुमार ने विधानसभा में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि आवास योजना के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सदस्यों से इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने को भी कहा है।

———बाइट———

---

पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बनारस से फरक्का तक वाटर वेज के निर्माण को भारत सरकार ने स्वीकृति दी है। विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा कि इससे लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग की सुविधा मिलेगी।

———बाइट———

---

इधर, विधान परिषद में आज प्रश्नकाल, शून्यकाल समेत सभी विधायी कार्य शांतिपूर्वक पूरे कर लिये गए। हालांकि शराबबंदी कानून के मुद्दे पर राजद सदस्य सुनील कुमार सिंह के बयान को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच थोड़ी देरे के लिए नोंक–झोंक हुई। सुनील सिंह ने कहा कि राज्य में शराबबंदी नाम मात्र की है और शराब हर जगह आसानी से उपलब्ध कराई जा सकती है। सत्तापक्ष के सदस्यों ने इसका विरोध किया।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य में शराबबंदी पूरी तरह सफल है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं कोई कमी है, तो इसे सरकार के संज्ञान में लाएं।

---बाइट---

वहीं, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि सुनील सिंह ओछी बाते कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि राज्य में शराबबंदी है और गड़बड़ी होने पर कार्रवाई भी की जाती है।

---बाइट---

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बढ़ते अपराध को लेकर राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पटना में विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अपराधी बेलगाम हैं और सरकार में कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

---बाइट---

---

अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र पासवान ने कहा है कि चौकीदारों–दफादारों की मांगों को लेकर सरकार सवेंदनशील है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि फिलहाल उनका मामला न्यायालय में है। इसलिए सरकार अपने स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है। उन्होंने प्रदर्शनकारी चौकीदारों पर लाठीचार्ज की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए, जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की बात भी कही है।

---बाइट---

---

बिहार विधानसभा की कार्यवाही देखने आज गोपालगंज के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल एकेडमी के छात्र विधानसभा पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने छात्रों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी कराकर उनका मनोबल बढ़ाया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी पहल से छात्रों में संसदीय परंपरा की बेहतर समझ विकसित होगी।

---

और एक न्यूज अपडेट आपको दे दें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय बिहार दौरे पर किशनगंज पहुंचे। श्री शाह ने राज्य के सीमावर्ती जिलों–विशेषकर पूर्णिया, किशनगंज और अररिया में सुरक्षा उपायों, प्रशासनिक तैयारियों और विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही उच्च अधिकारियों के साथ तमाम मुद्दों को लेकर चर्चा की।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कक्षा आठ की एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के उल्लेख का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा विपुल एम. पंचोली की खंडपीठ ने इस मामले का संज्ञान लिया। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायालय के समक्ष कहा कि कक्षा 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि यह विषयवस्तु संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बार एसोसिएशन और पीठ दोनों ही इससे चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी इस मुद्दे से विचलित हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देगी। कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक के अनुसार, भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से एक हैं। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। उद्योग विभाग की अधिसूचना के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के तहत इच्छुक अभ्यर्थी पंद्रह मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी उद्यमी पोर्टल– **उद्यमी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट ईन** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का उद्देश्य राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना और लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

———————————————————————

मधुबनी के सकरी स्थित चीनी मिल को फिर से चालू करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ के विशेषज्ञों ने आज सकरी में स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान भूमि की स्थिति, संपर्क पथ, जल उपलब्धता, परिवहन सुविधा, विद्युत व्यवस्था समेत अन्य तकनीकी और भौगोलिक बिंदुओं की

समीक्षा की गयी। विशेषज्ञों ने स्थानीय गन्ना किसानों के साथ संवाद किया और उनसे उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी और जिला ईख पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

---

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने आज मधुबनी के विकास भवन में आयोजित जनसुवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये हैं। श्रीमती ममता ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा के प्रसार के साथ ही बाल विवाह पूर्ण रोक जरूरी है।

———बाइट———

राष्ट्रीय महिला आयोग के आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कल श्रीमती ममता बेगूसराय में महिला जनसुनवाई में शामिल होंगी।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्म खां ने कहा है कि विकसित भारत तभी बनेगा, जब पिछड़े राज्य आगे आकर अपना योगदान देंगे। श्री खां आज पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केरल का नाम केरलम किया जाना जरूरी था। क्योंकि अंग्रेजों ने इसे केरल नाम दिया था।

———बाइट———

---

पटना के गांधी मैदान में कल से दो मार्च तक डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। बिहार इंडस्ट्रिज एसोसिएशन और उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक्सपो में कई औद्योगिक इकाईयां भाग लेंगी।

---

दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा है कि जिले में जनगणना कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दो चरणों में पूरा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रेसवार्ता में बताया कि जनगणना कार्य में लगने वाले कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---

सीतामढ़ी जिले के भिट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीखंडी गांव से पुलिस ने एक व्यक्ति को चौदह सौ तेरह लीटर नेपाली के साथ गिरफ्तार कर लिया।

---

शेखपुरा जिले की विशेष पोक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ यौन शोषण मामले में दोषी एक शिक्षक को बीस वर्ष की सश्रम कारवास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पचास हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

---

रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने आज जिले के नोखा–नासरीगंज के बीच बक्सर मुख्य कैनाल पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। एक सौ अड़तालीस मीटर लंबे इस पुल के बन जाने से आरा–सासाराम सहित आस–पास के लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा।

---

सीवान जिले में भूकंप आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रील का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने बताया कि छब्बीस फरवरी को सात चिन्हित स्थानों पर यह मॉक ड्रील आयोजित होगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय बिहार दौरे पर किशनगंज पहुंचे। सीमा और आंतरिक सुरक्षा पर की उच्च स्तरीय बैठक।

02 विधानमंडल में फिर उठा शराबबंदी कानून का मुद्दा। सरकार ने कहा – शराबबंदी जारी रहेगी। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।

03. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर चिंता जताई। कहा – सरकार जिम्मेदारी से बच रही है।

04. और, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू। इच्छुक अभ्यर्थी पंद्रह मार्च तक कर सकते हैं आवेदन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।